CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 68 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 25 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पूर्व सरकार के कुप्रबंधन पर बरसे राठौड़, बोले- कांग्रेस ने किया जनता से छल

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

बीजेपी नेता व वरिष्ठ विधायक राजेंद्र राठौड़ ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार पर तीखे आरोप लगाए। राठौड़ ने पंचायत चुनाव, स्मार्ट मीटर, पेपर लीक और बेरोजगारी के मुद्दे उठाते हुए कहा कि गहलोत सरकार में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन चरम पर था, जबकि मौजूदा भजनलाल सरकार ने 20 महीने में पारदर्शी ढंग से 280 से अधिक भर्ती परीक्षाओं का सफल आयोजन करवाया है।



राठौड़ ने कहा कि गहलोत कार्यकाल में पंचायत चुनाव संवैधानिक नियमों के बजाय राजनीतिक लाभ-हानि देखकर कराए गए। जनवरी 2020 से दिसंबर 2021 के बीच 23 महीनों में अलग-अलग चरणों में चुनाव करवाए गए और पहले जनप्रतिनिधियों की बाड़ेबंदी कर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की गई।

स्मार्ट मीटर को लेकर भी उन्होंने गहलोत पर निशाना साधा। राठौड़ ने कहा कि आज कांग्रेस नेता स्मार्ट मीटर का विरोध कर रहे हैं, जबकि गहलोत सरकार के समय ही प्रदेशभर में 5.50 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके थे। 2019 में ही अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम को स्मार्ट मीटरिंग के आदेश जारी कर दिए गए थे। इसी दौरान गहलोत सरकार के कुप्रबंधन से डिस्कॉम पर 88 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज चढ़ा। इसके मुकाबले भजनलाल सरकार ने फरवरी 2024 से तकनीकी व वित्तीय निविदाएं पूरी कर अप्रैल 2025 से स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करना शुरू किया और अब तक 3.48 लाख से ज्यादा मीटर लगाए जा चुके हैं।

पेपर लीक और बेरोजगारी पर भी राठौड़ ने गहलोत सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि गहलोत कार्यकाल में योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हुआ। दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले 43 में से 37 अभ्यर्थी अयोग्य पाए गए और 53 मामलों में जांच जारी है। राठौड़ ने यह भी आरोप लगाया कि गहलोत के पीएसओ तक पेपर लीक प्रकरण में पकड़े गए, जो कांग्रेस सरकार के चरित्र को उजागर करता है।

## शाहपुरा पुलिस की कार्रवाई, 109 किलो अवैध अफीम डोडा चुरा जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 109.347 किलो अवैध अफीम डोडा चुरा बरामद किया है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 16 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है।

पुलिस में कार्रवाई शाहपुरा थानाधिकारी सुरेश चंद तथा डीएसटी प्रभारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई है।

पुलिस ने बताया की 23 अगस्त को सूचना मिली थी कि गोपाल भील निवासी भीलो का झोपड़ा, रहड ने खेत पर बने कमरे में बड़ी मात्रा में अफीम डोडा चुरा छुपाकर रखा हुआ है। टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो वहां 6 प्लास्टिक के कट्टों में अवैध मादक पदार्थ मिला। कुल 109.347 किलो डोडा चुरा को मौके पर जब्त कर थाना शाहपुरा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस मामले कि जाँच में जुटी है ।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध बजरी परिवहन में 6 आरोपी गिरफ्तार





भीलवाड़ा फोकस @ फुलियाकला

अवैध खनन व बजरी परिवहन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार रात दो डम्पर, एक ट्रेलर और एक कार को जब्त किया। साथ ही छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस में कार्रवाई फुलियाकलां थानाधिकारी राजेंद्र सिंह और डीएसटी प्रभारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर अंजाम दी। पुलिस के अनुसार, कजोड़िया के पास अवैध बजरी से भरे वाहन खड़े होने की जानकारी मिली। जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो डम्पर, एक ट्रेलर और एक कार को डिटेन किया। कार में बैठे तीन लोगों ने अपना परिचय सांवरण मल जांगिड़ जयपुर, मिठूलाल उर्फ पिंटू रेगर अजमेर और रमेशचंद्र माली जयपुर बताया। जांच में सामने आया कि ये तीनों वाहन एस्कॉर्ट कर रहे थे। वहीं डम्पर व ट्रेलर चालक त्रिलोक यादव, हेमराज गुर्जर और भरत सिंह राजपूत टोंक निवासी को भी पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि बिना वैध टीपी के बजरी परिवहन किया जा रहा था। आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## कोटड़ी में झगड़ा कर भागे बदमाश , अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्तार





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान के तहत पुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देसी पिस्टल, खाली मैगजीन और एक कार जब्त की है।

थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया ने बताया कि 23 अगस्त को सूचना मिली कि कोटड़ी ग्राम में झगड़ा हो रहा है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों ने बताया कि सफेद कार में सवार दो युवक झगड़ा कर भाग गए हैं। इस पर भीलवाड़ा रोड पर नाकाबंदी की गई और संदिग्ध कार को रोक लिया गया। कार सवारों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान नारायण जाट (29) व गोपाल उर्फ राहुल जाट (22), निवासी अखेपुरा थाना मांडल के रूप में हुई। तलाशी लेने पर कार से काले रंग का लोहे का पिस्टलनुमा हथियार और खाली मैगजीन बरामद हुई।

पुलिस ने हथियार और कार को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है ।

## गोवटा बांध में डूबे युवक का शव तीसरे दिन मिला, शुक्रवार को गहराई में चले जाने से हुआ था हादसा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मांडलगढ़ क्षेत्र के गोवटा बांध में डूबे युवक का शव तीसरे दिन रविवार दोपहर एसडीआरएफ टीम ने बरामद किया। शुक्रवार से लापता छात्र की तलाश लगातार जारी थी, जिसे टीम ने तीसरे दिन बांध की गहराई से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, रघुनाथपुरा निवासी दीपक (17) पुत्र जितेंद्र पुरोहित, जो कक्षा 12वीं का छात्र था, शुक्रवार 22 अगस्त को स्कूल से बंक कर अपने दो दोस्तों के साथ बांध पर घूमने आया था। इस दौरान दीपक का पैर फिसलने से वो गहराई में फंसकर डूब गया। दोस्तों ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी।



मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और पुलिस के साथ एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। टीम ने लगातार प्रयास किया, लेकिन छात्र का कोई सुराग नहीं लग पाया। आखिरकार रविवार दोपहर करीब 12 बजे उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। घटना से गांव और परिजनों में गम का माहौल है।



' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# हाईवे पर पलटा ट्रेलर, घंटों तक लगा रहा जाम

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल**



भीलवाड़ा बाइपास पर रविवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब धूलखेड़ा के पास एक ट्रेलर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। छोटे-बड़े वाहन घंटों तक फंसे रहे। जानकारी के अनुसार चित्तौड़गढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा एक ट्रेलर अचानक कट लेने की कोशिश में पलट गया। इससे हाइवे पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। दो घंटे से ज्यादा समय तक यात्री और वाहन चालक जाम में फंसे रहे । घटना की सूचना के बाद मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम पहुंची और ट्रेलर को हटा जाम खुलवाया ।

# जलझूलनी एकादशी पर भक्तिमय होगा नौगांवा, मेले की तैयारियां चरम पर

## श्री सांवलिया सेठ मंदिर ट्रस्ट की बैठक में बनीं विशेष समितियां, सेवा भाव पर रहेगा जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भक्ति और आस्था के पर्व जलझूलनी एकादशी पर नौगांवा गांव इस बार भी भक्तिमय माहौल से सराबोर होगा। 3 सितंबर को होने वाले भव्य मेले की तैयारियां श्री सांवलिया सेठ मंदिर ट्रस्ट की देखरेख में जोर-शोर से चल रही हैं। हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके, इसके लिए ट्रस्ट ने हाल ही में बैठक कर विभिन्न समितियों का गठन किया है।

मेला संयोजक मदन गोपाल कालरा ने बताया कि मेले में इस बार सभी कार्यकर्ता पारंपरिक भारतीय वेशभूषा सफेद धोती-कुर्ता में सेवा देंगे। यह परंपरा एकता और आध्यात्मिकता का प्रतीक होगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नौगांवा चौराहे से मंदिर तक ई-रिक्शा की भी व्यवस्था की गई है।

भक्तों की सेवा हेतु स्वागत, प्रचार-प्रसार, पद यात्री विश्राम, मंदिर दर्शन, शोभायात्रा, चिकित्सा, महाआरती, पार्किंग, सुरक्षा, भोजन और पेयजल जैसी समितियां बनाई गई हैं। ट्रस्ट का उद्देश्य है कि हर भक्त यहां आकर श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अद्भुत संगम अनुभव कर सके।

मेले का मुख्य आकर्षण ठाकुरजी की बेवाण यात्रा रहेगी। यह शोभायात्रा 3 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे मंदिर से शुरू होकर नौगांवा तालाब तक जाएगी, जहां ठाकुरजी को झूला झुलाया जाएगा। इस पवित्र बेवाण को कंधों पर उठाने में सांसद, विधायक सहित कई गणमान्य लोग भी शामिल होंगे।

# भारी बारिश की चेतावनी के बाद आज सभी स्कूलों में अवकाश



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

मौसम विभाग द्वारा जिले में भारी बारिश की चेतावनी के बाद जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। यह आदेश सोमवार, 25 अगस्त को जिलेभर के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में लागू रहेगा।


जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष जसमीत सिंह संधु ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया कि अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा। विद्यालय का समस्त स्टाफ नियमित रूप से उपस्थिति देंगे।

# पंचमुखी मुक्तिधाम में भद्रकाली माता का विशेष अभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पंचमुखी मुक्तिधाम स्थित श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर में अमावस्या की अर्धरात्रि पर शमशान भद्रकाली माता का विशेष अभिषेक किया गया। इस दौरान कोलकाता कालीघाट से लाए गए सिंदूर का मां को अर्पण कर प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरण किया गया।

देर रात तक चले अनुष्ठान में हवन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने विश्व शांति और जनकल्याण की आहुतियां दीं। मंदिर में हर रविवार महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई ।



# काछोला माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बने गगराणी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



कस्बे में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पद पर सूरताराम गगरानी निर्वाचित हुए। माहेश्वरी धर्मशाला में समाजजनों ने गगरानी का स्वागत अभिनंदन किया। चुनाव प्रभारी नवल दाखेड़ा ने बताया कि माहेश्वरी समाज के 80 मतों में से 78 जनों ने मतदान किया। सूरत राम गगराणी को 47 मत एवं संदीप सोनी को 31 मत मिले। सुशील सोमानी ने बताया कि 16 वोट के अंतर से सूरताराम गगरानी अध्यक्ष पद के लिए विजय घोषित किये गए। कार्यक्रम का प्रतिवेदन निवर्तमान अध्यक्ष भैरु लाल मंत्री ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर माण्डलगढ़ प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा, पूर्व अध्यक्ष भैरु लाल मंत्री, रामप्रताप गगरानी, छीतरलाल मंत्री,रामचन्द्र लढा,श्रीराम मंत्री,रमेशचंद्र बसेर, ओम प्रकाश मूंदड़ा,दुर्गा लाल मंत्री,गोपाल मालू ,कैलाश गगरानी,ओम दाखेड़ा, अशोक काबरा,राकेश मंत्री,आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन रमेश चन्द्र बसेर ने किया।

# बनास नदी से अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर-लोडर जब्त, दो युवक गिरफ्तार




**भीलवाड़ा फोकस @ कारोई**

अवैध बजरी खनन पर सख्ती जारी रखते हुए थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की। बनास नदी के दुड़िया गांव के पास अवैध बजरी खनन एवं परिवहन करते हुए पुलिस ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक लोडर जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सूचना मिली थी कि बजरी से भरे कई वाहन खड़े है , इस दौरान कार्रवाई में मौके पर अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कीमत करीब 7 लाख और एक लोडर कीमत करीब 10 लाख जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश (18) पुत्र श्यामलाल निवासी शिवपुरा, जवासिया थाना हमीरगढ़ और कालु (18) पुत्र राजमल निवासी उचां थाना राशमी (चित्तौड़गढ़) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बनास नदी उफान पर, कई गांवों का टूटा संपर्क

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**



क्षेत्र में लगातार बारिश से बनास नदी उफान पर आ गई है। चैनपुरा, चोहली और थल की पुलियाओं पर आवागमन बंद हो गया है। वहीं थल-ककरोलिया पुलिया क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मात्र 4 किमी की दूरी तय करने के लिए अब 130 किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से पुलिया का निर्माण शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

# विनोद सुखवाल बने सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 'मन की बात' संयोजक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर के निर्देश पर जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विनोद सुखवाल को ÷मन की बात÷ का संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडलों गंगापुर नगर, गंगापुर ग्रामीण, रायपुर, सहाड़ा, कारोई, हमीरगढ़ व मोखुंदा में खुशी की लहर है।

क्षेत्रीय विधायक लादूलाल पितलिया, जिला प्रमुख बरजी देवी भील, सांसद दामोदर अग्रवाल, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, महापौर राकेश पाठक सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने सुखवाल को शुभकामनाएं दीं।



# बेड़च नदी उफान पर, भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ का कटा संपर्क

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव )**- क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते नदी नालों में पानी की आवक हुई, जिसके चलते बड़लियास क्षेत्र से होकर गुजर रही बेडच नदी उफान पर आ गई, जिससे भीलवाड़ा का चित्तौड़गढ़ से सम्पर्क कट गया । क्षेत्र में सारण व सिगपुरा के बीच से गुजर रही बेडच नदी बीती रात्रि से ही उफान पर चल रही, मध्य रात्रि के बाद से ही पुलिया पर 2 फीट से अधिक पानी आने के चलते मार्ग अवरूद्ध हो गया, जिससे आसपास के कई गांवों का संपर्क कट गया । वही दुसरी ओर बड़लियास व बरुदनी मार्ग पर भी पानी पुलिया से टकरा रहा, यहां पर कभी भी पुलिया पर पानी आ सकता है ।।



## QUICK BITES

# कोटड़ी में साइकिल तिरंगा यात्रा, युवाओं ने दिया फिट इंडिया व राष्ट्रप्रेम का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर रविवार सुबह कस्बे में भव्य साइकिल तिरंगा यात्रा निकाली गई। थाना परिसर से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व थाना अधिकारी महावीर प्रसाद मीणा ने किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति के साथ युवाओं को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। यात्रा नया बस स्टैंड, जहाजपुर रोड व मंदिर परिसर से होती हुई पुनः थाना परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राओं व युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति नारों से वातावरण गुंजाया।

समापन पर पुलिस जवानों, जनप्रतिनिधियों व छात्रों ने तिरंगे की शान में देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। कार्यक्रम में प्रधान करण सिंह बेलवा, पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रह्लाद सेन, पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया, पंचायत समिति सदस्य राजू लाल तेली सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

# काछोला में 'संडे ऑन साइकिल' अभियान, स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



कस्बे में रविवार को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का आयोजन हुआ। थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी व तपस्या भवन संचालिका विभूति दीदी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। थाना प्रभारी पचौरी ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य व फिटनेस के लिए लाभकारी है, बल्कि प्रदूषण कम करने व पर्यावरण संरक्षण का भी माध्यम है। विभूति दीदी ने कहा कि शरीर की तरह मन को भी स्वस्थ रखने के लिए ध्यान और योग आवश्यक हैं।

रैली थाना परिसर से शुरू होकर गोल चबूतरा बस स्टैंड व बाइपास होते हुए वापस थाने पर पहुँची। इस दौरान योग भगाए रोग, फिटनेस की डोज-आधा घंटा रोज जैसे नारे गूंजे। करीब 30 से 35 लोगों ने रैली में भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मी, सामाजिक संगठन, स्पोर्ट्समैन, फिटनेस जिम सदस्य व विद्यार्थी शामिल रहे।

# चारभुजानाथ दरबार में लगा ऐतिहासिक रक्तदान शिविर, 911 यूनिट संग्रहित






भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ के ऐतिहासिक भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में रविवार को हर पंचायत रक्त पंचायत अभियान के तहत चारभुजा मंदिर ट्रस्ट एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर जलझूलन महोत्सव के अवसर पर हुआ, जिसका शुभारंभ पुलिस उपाधीक्षक वीरेंद्र सिंह, ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्यामसुंदर चेचाणी, कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर मीणा तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रह्लाद सेन ने भगवान श्रीचारभुजानाथ की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

सुबह से ही गांवों से टोली बनाकर युवा जयकारों के साथ मुख्य बाजार से मंदिर प्रांगण तक पहुँचे और रक्तदान कर प्रभु चरणों में यह सेवा अर्पित की। बरसात के बावजूद शिविर में दिनभर रक्तवीरों की भारी भीड़ रही। लंबी कतार में इंतजार के बाद युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में गोपाल विजयवर्गीय, हेमंत गर्ग, दीपक पोखरना, राजेंद्र काबरा, गणपत जांगीड़, राकेश काबरा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने रक्तवीरों का जयकारों के साथ उत्साहवर्धन किया। इस दौरान 13 महिलाओं ने भी रक्तदान में भाग लिया।

कोटड़ी में चारभुजा मेले के दौरान आयोजित यह सातवां शिविर रहा, जिसमें 911 यूनिट रक्तदान हुआ। इस पर मंदिर ट्रस्ट ने सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के पदाधिकारियों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि वर्ष 2017 से जलझूलन महोत्सव के दौरान लगातार रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिससे अब तक हजारों यूनिट रक्त एकत्रित हो चुका है। जिलेभर में अब तक 600 से अधिक शिविरों के माध्यम से 70 हजार यूनिट रक्तदान कराया जा चुका है, जिसके लिए संस्था को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित भी किया गया है।

शिविर के दौरान जयपुर, टोंक, भीलवाड़ा और कोटा की 8 ब्लड बैंक टीमों ने भाग लिया। पहले 200 यूनिट का लक्ष्य रखा गया था, जो बढ़कर 911 यूनिट तक पहुँचा।

### पिता-पुत्री और परिवारों ने किया सामूहिक रक्तदान

कोटड़ी शिविर की विशेषता रही कि नितिन मेवाड़ा व उनकी पुत्री मेघल मेवाड़ा ने साथ मिलकर रक्तदान किया। वहीं विजयवर्गीय परिवार के 10 सदस्य भी एक साथ रक्तदान करने पहुँचे। चित्तौड़गढ़ जिले के मरमी माताजी से भी युवाओं की टोली जयकारों के साथ रक्तदान के लिए आई। शिविर में 30 से अधिक रक्तदाताओं ने दुर्लभ रक्त समूह का दान भी किया।

# फिट इंडिया मिशन के तहत भीलवाड़ा पुलिस की साइकिल रैली और साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

फिट इंडिया मिशन के तहत रविवार को भीलवाड़ा पुलिस ने फिटनेस की डोज - आधा घंटा रोज नारे के साथ साइकिल रैली का आयोजन किया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सुबह 7.15 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष से शुरू हुई रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर पुनः कंट्रोल रूम पर पहुंची। रैली में लगभग 250 से 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जनप्रतिनिधि, उद्योगपति, समाजसेवी, साइकिल क्लब सदस्य, एनजीओ, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए।

रैली से पूर्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार साइबर अपराधों से बचाव और साइबर सुरक्षा विषय पर प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान आमजन को जागरूक करने के लिए जानकारी भी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अदिति चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत सुबह 6 बजे रिजर्व पुलिस लाइन में योग, जुम्बा और रोप स्किपिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों, जवानों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में भी फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत कार्यक्रम हुए। कुल मिलाकर करीब 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लिया। समापन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन ने प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# मांडलगढ़ में साइकिल तिरंगा यात्रा, दिया देशभक्ति व फिट इंडिया का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़




आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत रविवार सुबह मांडलगढ़ पुलिस थाना परिसर से भव्य साइकिल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय भावना को मजबूत करना, फिट इंडिया का संदेश देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। यात्रा का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक बाबूलाल विश्नोई व थानाधिकारी शंकर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल देशभक्ति का प्रतीक ही नहीं, बल्कि युवाओं व बच्चों में स्वास्थ्य, अनुशासन और जागरूकता की प्रेरणा भी देती है।

यात्रा थाना परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य बस स्टैंड होते हुए पुनः थाना परिसर में संपन्न हुई। इस दौरान पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष के.पी. सिंह, रामसिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र चौधरी, प्रवीण व अंश दक्ष सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

# बड़लियास में साइकिल तिरंगा यात्रा, दिया देशभक्ति व फिट इंडिया का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




( **सांवर वैष्णव** )- क्षेत्र के बड़लियास कस्बे में रविवार सुबह आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बड़लियास पुलिस थाना परिसर से भव्य साइकिल तिरंगा यात्रा निकाली गई । इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति की भावना, फिट इंडिया का संदेश और पर्यावरण संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाना रहा । यात्रा का नेतृत्व थाना अधिकारी सिद्धार्थ प्रजापत ने किया । उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा न केवल देशभक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह युवाओं व बच्चों में स्वास्थ्य और जागरूकता की प्रेरणा भी देती है । साइकिल यात्रा थाना परिसर से प्रारंभ हुई जो मुख्य बस स्टैंड, चमन चौराहा, सवाईपुर चौराहा, बरुदनी, चंवरा हनुमान मंदिर परिसर से होते हुए पुनः थाना परिसर में संपन्न हुई । इस दौरान प्रशासक प्रकाश चन्द्र रैगर, सीआर दिलीप सिंह, शिव कुमार शर्मा, दिवान ऋषिराज, सुनील बेनीवाल, कांस्टेबल विनोद गढ़वाल, सुरज्ञान, शैतान सिंह आदि कई मौजूद रहे ।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय की पाँच उपशाखाओं के चुनाव सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की पाँच उपशाखाओं के चुनाव रविवार को सम्पन्न हुए। जिलाध्यक्ष राम प्रसाद माणम्या ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार अगस्त माह में सभी उपशाखाओं के चुनाव सम्पन्न करवाए जाने हैं। इसी के तहत रविवार को सुवाणा, मांडल, करेड़ा, बिजौलिया व सहाड़ा उपशाखा के चुनाव सम्पन्न हुए। शेष उपशाखाओं के चुनाव आगामी रविवार 31 अगस्त को कराए जायेंगे। सभी उपशाखाओं के चुनाव निर्विरोध हुए। जिला कार्यकारिणी के चुनाव वार्षिक कलेण्डर के अनुसार सितम्बर माह में सम्पन्न होंगे।

जिला मंत्री सुरेशचन्द्र बड़वा के अनुसार सुवाणा उपशाखा के चुनाव पांसल में संपन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद पर विनोद कुमार झँवर, जिला मंत्री ओम प्रकाश सुथार, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, सभा अध्यक्ष भंवर सिंह चौहान, उपसभाध्यक्ष गणराज मीणा, महिला मंत्री प्रमिला बैरागी और महिला उपाध्यक्ष लाली तेली निर्वाचित हुए। उपशाखा करेड़ा के चुनाव तेजबहादुर सिंह के सानिध्य में करवाए गए जिनमें अध्यक्ष रामचन्द्र योगी, मंत्री लादूदास वैष्णव, कोषाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चुण्डावत और महिला मंत्री विजयलक्ष्मी राणावत चुने गए। इसी प्रकार मांडल उपशाखा के चुनाव में अध्यक्ष उदय शंकर सोनी, मंत्री ईश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष परेश तिवारी और महिला मंत्री आशा बैरवा सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। बिजौलिया उपशाखा में अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश मीणा, मंत्री मदनमोहन मीणा, कोषाध्यक्ष बद्री लाल धाकड़ और महिला मंत्री प्रतापकीर्ति भानावत निर्वाचित हुए। उपशाखा सहाड़ा में हुए चुनाव में अध्यक्ष बालमुकुन्द वैष्णव, मंत्री विभुराज सिंह, कोषाध्यक्ष प्रकाश रणवा और महिला मंत्री संगीता दमामी चुने गए। सभी उपशाखाओं के चुनाव नियमानुसार पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न करवाए गए। इस सत्र का सदस्यता अभियान 20 मई से 10 जुलाई तक चलाया गया जिसमें जिले की सदस्यता 7619 हुई। चुनावों के बाद सभी उपशाखाओं के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई।



# पदयात्रियों का जत्था लौटा, पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

खाटू श्याम और सालासर बालाजी की 440 किलोमीटर की पदयात्रा पूरी कर रविवार को कस्बे का जत्था सकुशल लौटा। श्रद्धा और आस्था से भरी इस यात्रा का नेतृत्व सौरभ मंत्री ने किया, जिसमें तीन सदस्यीय टोली ने भाग लिया।

सौरभ मंत्री ने बताया कि कस्बे के विकास सोनी और लकी मंत्री ने काछोला से खाटू श्याम होते हुए सालासर तक 9 दिन में पदयात्रा पूरी की। इस दौरान सालासर बालाजी के भक्त लकी मंत्री ने बिना जूते-चप्पल के नंगे पैर पूरी यात्रा संपन्न की।



काछोला लौटने पर जत्थे का गायत्री शक्तिपीठ में पूजा-अर्चना के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर पदयात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उन्हें सम्मानित किया गया। स्वागत कार्यक्रम में भेरूलाल मंत्री, रामप्रसाद मंत्री, राकेश मंत्री, हरीश चौधरी, सत्यनारायण बलाई, राजेश लढा, गोपाल अक्षय मंत्री, दामु मालू, विकास कास्ट, एम.एस. रँगरेज सहित बड़ी संख्या में भक्त एवं कस्बेवासी मौजूद रहे।

# प्रदेश छात्रनेता सम्मेलन : वन नेशन - वन इलेक्शन पर हुई चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

एक राष्ट्र, एक चुनाव के तत्वावधान में जयपुर में 30 अगस्त को होने वाले प्रदेश छात्रनेता सम्मेलन का पोस्टर रविवार को विमोचित किया गया। इस अवसर पर गायत्री आश्रम के निकट छात्र नेताओं की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सम्मेलन को लेकर रणनीति और विचार-विमर्श हुआ। बैठक में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनमोल पाराशर व गजेंद्र सिंह राठौड़ ने विषय प्रस्तुत करते हुए कहा कि सरकारी मशीनरी का दोहन रोकने तथा सरकार का ध्यान विकास कार्यों पर केंद्रित रखने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव आवश्यक है।

इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी रवि सिंह, शंकर गुर्जर, राजेंद्र शर्मा, गौरव कुमार शाह ,पूर्व छात्रनेता लोकेश खंडेलवाल, राधेश्याम जाट, सावन दिया, युवराज सिंह, चंद्रवीर सिंह, शिव सिंह सुरास, रितेश सोनी, उज्जवल शर्मा, राहुल आचार्य, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



# कोटड़ी में महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर आज मूर्ति स्थापना

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

सामाजिक महान पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फुले की स्मृति में कस्बे के सवाईपुर रोड स्थित जीएसएस गोदाम पर बने फुले सर्किल पर सोमवार, 25 अगस्त को अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:15 बजे उनकी मूर्ति की स्थापना की जाएगी।

इससे पूर्व रविवार शाम 7:30 बजे माली सैनी विकास संस्था की ओर से 301 दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संस्था के प्रदेश महासचिव संपत कुमार माली ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के संरक्षक छितरलाल, शंकरलाल, प्रभुलाल जावरा, हीरालाल, महावीर, नरूलाल, सोहनलाल, मदनलाल, उदयलाल, गोविंद, धर्मराज, पुष्कर, गोपाल सहित लाल, रेखा, अंजलि, नेहा, देवकी, डालीबाई और समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कोटड़ी में बनेगा गुर्जर समाज का छात्रावास

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

कस्बे में गुर्जर समाज के छात्रों के लिए बड़ी सौगात मिलने जा रही है। रविवार को आम चौखला पर समाज के सैकड़ों प्रबुद्धजन एवं प्रतिनिधियों ने जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा से मुलाकात कर छात्रावास निर्माण की मांग रखी। विधायक मीणा ने मांग पर सहमति जताते हुए तुरंत जमीन आवंटन की घोषणा की तथा विधायक मद से 11 लाख रुपए की अनुशंसा की। इसी क्रम में उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर ने जिला परिषद मद से 11 लाख रुपए, वहीं पंचायत समिति प्रधान करण सिंह बेलवा ने प्रधान मद से 7 लाख रुपए देने की अनुशंसा की। कार्यक्रम के दौरान गुर्जर समाज के प्रबुद्धजनों ने विधायक पर भरोसा जताते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर युवा नेता रामस्वरूप गुर्जर, रासेड़ सरपंच भेरूलाल गुर्जर, देवलाल गुर्जर, शंकर गुर्जर, सिंटू गुर्जर, महावीर गुर्जर, भंवर गुर्जर, सुरेश गुर्जर, सांखड़ा श्यामलाल गुर्जर, भंवरलाल गुर्जर, सावर गुर्जर, महेंद्र गुर्जर सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे।



## QUICK BITES

# विधायक गोपीचंद मीणा ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



पंचायत समिति सभागार में रविवार को विधायक गोपीचंद मीणा ने जनसुनवाई में जनता की समस्याएं सुनी। खास बात यह रही कि जहाजपुर क्षेत्र के साथ-साथ कोटड़ी पंचायत समिति क्षेत्र के 34 गांवों से भी बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के प्रतिनिधि और ग्रामीण पहुंचे।

इस दौरान विधायक मीणा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान कौशल किशोर शर्मा, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बैलवा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन और नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र खटीक सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साड़ी डीलर एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव पर आयोजित होगा क्रिकेट मैच

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



साड़ी डीलर एसोसिएशन के 31 अगस्त को आयोजित वार्षिकोत्सव के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। मीडिया प्रभारी अमित काबरा ने बताया कि अब तक 60 से अधिक सदस्यों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता प्रभारी रवि काठेड के अनुसार 7 टीमों के बीच नॉक आउट पद्धति से मैच खेले जाएंगे। फाइनल 10 ओवर का होगा, शेष मैच 8 ओवर के होंगे। विजेता टीम को ?4100 और उपविजेता को ?2100 का नकद पुरस्कार मिलेगा। साथ ही विभिन्न श्रेणियों में भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

# सेवादल का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर 29 से, व्यवस्थाओं को अंतिम रूप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। जिलाध्यक्ष योगेश सोनी ने बताया कि 29 से 31 अगस्त तक होने वाले सेवादल संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया तथा समितियों का गठन किया गया। बैठक में सेवादल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। संचालन मुस्ताक अली मंसूरी और आभार महासचिव संदीप टेलर ने व्यक्त किया।

# कोटड़ी में श्याम भजन का पोस्टर विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



कस्बे में भक्ति संगीत प्रेमियों के लिए रविवार का दिन विशेष रहा। प्रसिद्ध भजन गायिका राधिका काबरा के नए भजन सब ठाकुर के महा ठाकुर है कोटड़ी के श्याम का का पोस्टर चारभुजा मंदिर परिसर में विधिवत विमोचित किया गया। पोस्टर विमोचन अवसर पर चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, ट्रस्ट व्यवस्थापक प्रकाशचंद जोशी, गोपाल विजयवर्गी, राकेश काबरा, घनश्याम पोरवाल, बनवारी पाराशर, दिनेश पारीक, सांवरमल वैष्णव, नंदलाल दरोगा, बलराम वैष्णव व नारायण माली सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुदित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।